आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 14.01.2026 समय : 07.10PM

## मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, किसान राष्ट्र निर्माण के सशक्त भागीदार, आत्मनिर्भर भारत को मिल रही है मजबूती।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अब से कुछ देर में उज्जैन के श्रीमहाकाल महालोक में पाँच दिवसीय श्रीमहाकाल महोत्सव का करेंगे शुभारंभ।
- राज्य में जल्द शुरू होगा सीएम प्रगति पोर्टल, विकास योजनाओं पर रहेगी सीधी नजर।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में अमृत 2.0 जलप्रदाय योजना के तहत 800 करोड़ रुपये से अधिक के कार्यों का भूमिपूजन किया।

## प्रधानमंत्री पोंगल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि किसान, राष्ट्र निर्माण में सशक्त भागीदार हैं और उनके प्रयासों से आत्मनिर्भर भारत अभियान को मजबूती मिल रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार, किसानों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए अथक प्रयास कर रही है। श्री मोदी ने आज नई दिल्ली में सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन के आवास पर आयोजित पोंगल समारोह में सभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि पोंगल जीवंत तमिल संस्कृति और प्रकृति से जुड़ाव का पर्व है, जो प्रकृति, परिवार और समाज के साथ संतुलन स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त करता है।

## अमित शाह

गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात दौरे के दूसरे दिन आज सुबह अहमदाबाद के जगन्नाथ मंदिर में दर्शन किए। इसके बाद उन्होंने नारनपुरा इलाके में गुजरात आवास बोर्ड की पुनर्विकास योजना के तहत सूर्य अपार्टमेंट सेक्शन–2 की आधारशिला रखी। उत्तरायण के मौके पर गृह मंत्री ने अपने परिवार और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पतंगबाजी का आनंद भी लिया।

## प्रगति पोर्टल

केंद्र सरकार की प्रगति योजना से प्रेरित होकर मध्यप्रदेश सरकार जल्द ही सीएम प्रगति पोर्टल शुरू करने जा रही है। इसका उद्देश्य प्रदेश की विकास योजनाओं को समय पर और पारदर्शी तरीके से पूरा करना है। राज्य में संचालित राष्ट्रीय परियोजनाओं पर पत्रकारवार्ता में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घोषणा करते हुए कहा कि प्रगति पोर्टल सुशासन का अच्छा उदाहरण है। डॉ. यादव ने बताया कि राज्य में तेजी से राष्ट्रीय परियोजनाएं पूरी हो रही हैं.

## श्रीमहाकाल महोत्सव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अब से कुछ देर में उज्जैन के श्रीमहाकाल महालोक में पाँच दिवसीय श्रीमहाकाल महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। 18 जनवरी तक चलने वाला यह महोत्सव श्रीमहाकाल महालोक और त्रिवेणी संग्रहालय परिसर में कला, संगीत और वैचारिक विमर्श का संगम होगा। वीर भारत न्यास और श्रीमहाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित महोत्सव में आज गायक शंकर महादेवन 'शिवोऽहम्' की प्रस्तुति देंगे, जबकि कल मुंबई का 'द ग्रेट इंडियन क्वायर' 'शिवा' थीम पर प्रस्तुति देगा। महोत्सव के दौरान प्रतिदिन शाम चार से छह बजे तक त्रिवेणी संग्रहालय में प्रदेश की जनजातीय संस्कृति के तहत भड़म, ठाट्या, भगोरिया और बरेदी जैसे पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किए जाएंगे।

**शिवराज सिंह चौहान**

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए पशुओं की देसी नस्लों का संरक्षण बहुत ज़रूरी है। नई दिल्ली में आयोजित नस्ल संरक्षण पुरस्कार समारोह में उन्होंने बताया कि देसी नस्लें अधिक उपयोगी होती हैं और जलवायु परिवर्तन का बेहतर सामना करती हैं। उन्होंने कहा कि इससे किसानों और पशुपालकों को स्थायी रोज़गार के अवसर मिलते हैं। मंत्री ने जानकारी दी कि देश में 246 पशु नस्लों की पहचान की गई है, जिनमें से 16 नस्लों का पंजीकरण आज किया गया है।

**अरावली पर्वतमाला**

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने अरावली पर्वतमाला के संरक्षण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई है। नई दिल्ली में आयोजित एक राष्ट्रीय सम्मेलन में उन्होंने बताया कि अतिक्रमण और अवैध खनन रोकने के लिए अरावली क्षेत्र की लगभग 97 किलोमीटर भूमि को संरक्षित वन घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि अरावली ग्रीन वॉल परियोजना के तहत खराब हो चुकी जमीन को फिर से हरा-भरा किया जा रहा है। इस परियोजना में गुजरात, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली में भूमि का पुनर्स्थापन किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि विकास के साथ पर्यावरण संतुलन बनाए रखना सरकार की प्राथमिकता है।

**जैविक खेती**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सतत और पर्यावरण अनुकूल खेती के अभियान का असर अब जमीनी स्तर पर दिखाई देने लगा है। उमरिया जिले के किसान अब खेती में जैविक तरीकों को अपना रहे हैं। इससे उनकी कृषि भूमि की उर्वरता बनी हुई है और फसल का उत्पादन भी बढ़ रहा है। ग्राम नरवार के किसा अरूण द्विवेदी ने बताया कि जैविक खाद और प्राकृतिक खेती से मिट्टी की गुणवत्ता बेहतर हो रही है,

**महिला सुरक्षा**

मध्यप्रदेश में महिलाओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। महिला सुरक्षा शाखा, पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा प्रदेश के सभी महिला पुलिस थानों में आरओ पेयजल मशीन और सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन स्थापित की गई हैं। इस पहल से महिला पुलिसकर्मियों के साथ-साथ थानों में आने वाली आम महिलाओं को भी स्वच्छ पानी और आवश्यक सुविधाएं मिलेंगी। साथ ही महिला यातायात पुलिसकर्मियों को सुरक्षित ड्यूटी के लिए हेलमेट भी प्रदान किए गए हैं।

**नई रेल लाइन**

राज्य की बहुप्रतीक्षित इंदौर-बुधनी नई रेल लाइन परियोजना में बड़ी सफलता मिली है। रेल विकास निगम लिमिटेड ने इस परियोजना की टनल-2 में पहली 100 मीटर खुदाई सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। यह उपलब्धि कठिन पहाड़ी और कमजोर भू-स्थितियों में केवल दो महीनों में हासिल की गई है। परियोजना पूरी होने पर इंदौर और जबलपुर के बीच रेल दूरी लगभग 150 किलोमीटर कम हो जाएगी, जिससे प्रदेश में तेज और बेहतर रेल संपर्क मिलेगा। इससे यात्रियों के साथ-साथ माल परिवहन को भी लाभ होगा।

**सिरप रोक**

राज्य में बच्चों को एलर्जी में दिए जाने वाले अल्मॉन्ट किड सिरप की बिक्री पर रोक लगा दी गई है। राज्य के ड्रग कंट्रोलर दिनेश श्रीवास्तव ने कल जानकारी देते हुए बताया था कि अल्मॉन्ट किड सिरप में जहरीला केमिकल मिलने के बाद इसके स्टाक और बिक्री पर रोक लगाई गई है. यह सिरप आमतौर पर बच्चों में एलर्जी, फीवर और अस्थमा के इलाज के लिए डॉक्टरों द्वारा लिखी जाती है.

## अमृत 2.0 इंदौर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज इंदौर में “अमृत 2.0 इंदौर जलप्रदाय योजना” के अंतर्गत 800 करोड़ रुपये से अधिक लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। यह योजना भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है, जिससे शहर की जल व्यवस्था मजबूत होगी और लंबे समय तक सुरक्षित व स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदौर ने स्वच्छता, उद्योग, व्यापार और सुशासन के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है, जिस पर पूरे मध्यप्रदेश को गर्व है।

## मकर संक्रांति

दो दिवसीय मकर संक्रांति पर्व आज से शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने माघ बिहू, उत्तरायण और पोंगल पर्व और मकर संक्रांति के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। भोपाल में मकर संक्रांति का पर्व धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। खंडवा जिले की प्रसिद्ध तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर में हजारों श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा के तट पर विधि-विधान से आस्था की डुबकी लगाई। वहीं अशोकनगर में आज संक्रांति पर शिव मंदिरों में काफी श्रद्धालियों की भीड़ रही। पन्ना जिले में भी मकर संक्रांति के पर्व पर ऐतिहासिक धर्मसागर तालाब एवं केन नदी में बड़ी संख्या में लोगों ने डुबकी लगाई। शिवपुरी कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी ने दिव्यांग और जरूरतमंद बच्चों के साथ मकर संक्रांति का पर्व मनाते हुए बच्चों को गर्म कपड़े, खिलौने भेंट किए।

## संक्षिप्त समाचार

- शाजापुर में कल प्रभारी मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा ने ”विकसित भारत जी–राम–जी योजना पर प्रेस वार्ता में कहा कि ये योजना को व्यापक बदलावों के साथ नए और अधिक सशक्त स्वरूप में लागू की गई है ताकि अधिक से अधिक रोजगार के अवसर सृजित हों।
- अनूपपुर कलेक्टर ने होलिका दहन 2 मार्च, दुर्गाष्टमी (नवरात्रि) 19 अक्टूबर और दीपावली का दूसरा दिन 10 नवम्बर 2026 को स्थानीय अवकाश घोषित किया है।
- सीहोर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस चंद्रशेखर आज़ाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय में विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया गया।
- राजगढ़ के, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा गोदग्राम कालीपीठ में सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर का शुभारंभ किया गया।
- बैतूल में कक्षा 6वीं से 8वीं तक के विद्यार्थियों के लिए जिला स्तरीय जिला विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन पीएम श्री शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कल किया जाएगा।
- आगरमालवा में आज से किसानों को उर्वरक की सुलभ, सरल एवं रियल–टाइम उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ई–टोकन व्यवस्था का शुभारंभ हुआ
- झाबुआ में आजीविका कलादीर्घा भवन में कड़कनाथ मुर्गी पालन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन आज किया गया।

**********